तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

12 आर्थिक नीतियों के खिलाफ गरजे कर्मचारी संगठन

12 गुदगुदी जंक्शन समूह का पौधरोपण अभियान 11 से


## खबर संक्षेप

### गांव तामशाबाद में जहर देकर चार कुत्तों की हत्या

**बापौली।** गांव तामशाबाद में एक किसान ने खुंदक में आकर जहरीला चावल डालकर कई कुत्तों को मार डाला। दरअसल एक कुत्ते ने किसान के कटड़े को काट लिया था, जिससे गुस्से में आकर उसने यह खतरनाक कदम उठाया। किसान ने फसल में डालने वाली कीटनाशक दवाई को चावल में मिलाकर गली में रख दिया। कुछ देर में कुत्ते वहां आकर चावल खाने लगे और एक-एक करके 4 की मौत हो गई। वहीं गली में अचानक कई कुत्तों की लाशें मिलने पर पूर्व सरपंच को शक हुआ। उन्होंने आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो आरोपी किसान की करतूत कैमरे में कैद मिली। चारों कुत्तों को दफना दिया था, पुलिस की मौजूदगी में उन्हें पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकाला गया।

### पुलिस के जवान दलजीत ने जीता सिल्वर मेडल

**इसराना।** हरियाणा पुलिस के जवान दलजीत जागलान ने अमेरिका के बर्मिंघम में हुए 21वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 की व्रिस्ट व्रेस्टलिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतकर देश और गांव नौल्था का नाम रोशन करने का काम किया है। गांव नौल्था में एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे दलजीत जागलान के पिता बलबीर सिंह जागलान एक इंडियन आर्मी में से सेवानिवृत हैं। बलबीर फौजी ने बताया दलजीत बचपन से खेल-कूद में भाग लेता था। स्कूल में भी कबड्डी और अन्य खेलों में काफी रूचि थी।

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

**यमुनानगर।** गांव अली शेरपुर माजरा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से 32 वर्षीय संदीप कौर की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे दहेज के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पति रजत कुमार, सास देबो देवी, जेठ कृष्ण कुमार व ससुर धूम सिंह के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने चार बाइकों को बनाया निशाना

**कैथल ।** जिला में अलग-अलग स्थान से चोर चार बाइक चुरा कर ले गए। पहले मामले में सीवन के अजय सैनी ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 जुलाई को पटियाला रोड चीका पर खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। इसी प्रकार से दूसरे मामले में पंतनगर कैथल के गौरव रोहिला ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि 5 जुलाई को सेक्टर 20 हुडा कैथल से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# यूरिया व दूसरी खाद की नहीं कोई समस्या: कृषि मंत्री राणा

बैठक में अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस यमुनानगर में पहुंचकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के लिए निर्देश दिए।

- सोसायटी व प्राइवेट एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

साथ ही उन्होंने आमजन की समस्याओं के समाधान करने में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सड़क व सड़कों के किनारे बर्म ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा जो बजट ग्राम पंचायतों को दिए गए हैं। उन बजट का सही ढंग से सदपयोग कर विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाएं ताकि सरकार से और बजट की मांग की जा सके। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने उप कृषि निदेशक से पूछा कि जिला में यूरिया खाद की कमी तो नहीं है। तो इस पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिला में यूरिया खाद व अन्य खाद को लेकर कोई भी समस्या नहीं है। सभी सोसायटियों व प्राइवेट एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। बैठक में उप निदेशक पशुपालन ने कृषि मंत्री के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि चमरोड़ी, फतेहगढ़, कांजनू व झीवरेहड़ी में नया पशु अस्पताल बनाया जा रहा है। जिसका काम अभी पूरा नहीं हुआ है। इनकी समस्या को सुनकर कैबिनेट मंत्री ने पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि जिला में जितने भी नए पशु अस्पताल बनाए जा रहे हैं, उनके कार्य में तेजी लाएं और पशु अस्पताल की बिल्डिंग तैयार कर पशुपालन विभाग को जल्द हेंडओवर करें। जिससे आमजन को लाभ मिल सके। लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान होने से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं बल्कि वे एक ही स्थान पर उनके माध्यम से संबंधित अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है।


**यमुनानगर।** पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### गुड गवर्नेंस

समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह वर्तमान भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। गुड गवर्नेंस के तहत सभी अधिकारी व कर्मचारी एक सप्ताह में अपने अपने कार्यालय के सभी पेंडिंग कार्यों का निपटान करें। जिस विभाग के सभी पेंडिंग कार्य एक सप्ताह तक पूरे होते हैं उस विभाग को वह स्वयं सम्मानित करेंगे।

## मछली संरक्षण एवं पुनर्वासन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**यमुनानगर।** मत्स्य विभाग हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस-2025 के उपलक्ष में मछली संरक्षण एवं पुनर्वासन कार्यक्रम का आयोजन खंड प्रताप नगर के गांव बल्लेवाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिरिक्त मुख्य सचिव मत्स्य विभाग हरियाणा डॉ. राजा शेखर वुंडरू वशिष्ठ अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मत्स्य विभाग के निदेशक श्रीपाल राठी ने की। कृषि एवं किसान कल्याण एवं डेयरी तथा मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा का पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कार्यक्रम में पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने बल्लेवाला स्थित जलसागर में 2 लाख मछली का बीज संचित किया। कृषि एवं किसान कल्याण एवं डेयरी तथा मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज जिला यमुनानगर के बल्लेवाला गांव में मछली संरक्षण एंव पुनर्वासन कार्यक्रम के उपलक्ष में बल्लेवाला जल सागर में मछली बीज संचित किया गया है। इसी भांति हरियाणा राज्य के सभी जिलो में भी आगामी दिनों में मछली बीज संचित किया जायेगा तथा आगामी वर्षों में भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इस वर्ष विभाग द्वारा मछली किसानों को उन्नत किस्म का मछली बीज उपलब्ध करवाने हेतु राष्ट्रीय ताजा जल मछली ब्रूड बैंक, उड़ीसा से अमृत कतला, जयंती रोहू प्रजाति के ब्रूडरस लाकर उत्पादित मछली बीज मछली किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा तथा इन किस्मों की वृद्धि वर्तमान में पालन की जा रही प्रजातियों की तुलना में अधिक होती है जिससे किसानों की आय में तेजी से वृद्धि होगी। वर्ष 2024-25 के दौरान 58293 एकड़ जलक्षेत्र को मछली तथा झींगा पालन के अन्तर्गत लाया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद्र ठसका, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, जिला मत्स्य अधिकारी दिलबाग सिंह, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, प्रताप नगर के थाना प्रभारी बलकार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद रावल, पूर्व सरपंच देवधर कंवर सिंह, ओमकार पूर्व सरपंच देवधर, आदेश राणा व शाहिद आदि मौजूद रहे।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार


**अंबाला।** चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक व जब्त 18 वाहन।

- 14 मोटरसाइकिल, 4 एक्टिवा समेत 18 वाहन किए बरामद
- जंडली के पास सूनसान कमरे में चोरी के बाद खड़े करते थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 14 मोटरसाइकिल व चार एक्टिवा समेत कुल 18 वाहन जब्त किए हैं। इस गिरोह के पकड़े जाने से वाहन चोरी की कई वारदातें एक साथ सुलझ गई। अब पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

दरअसल चोरों की वारदातों को सुलझाने के लिए एवीटी की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी क्राइम वीरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना बराडा में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 8 जुलाई 2025 को तीन आरोपी प्रदुम व वंश वासी बोह तथा दलबीर सिंह वासी गांव रामगढ़ माजरा को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बडा खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि इस मामले के अतिरिक्त विभिन्न स्थानों से कई मोटरसाइकिल चोरी करके जंडली के पास सुनसान कमरें में खडी की हुई हैं। एवीटी टीम ने मामले की परतें खोलते हुए आरोपियों से अब तक 18 दो पहिया वाहन बरामद किए हैं। आरोपियों से गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस ने उन्हें तीन दिन के रिमांड पर लिया है। अब तक की पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि अंबाला के अतिरिक्त जिरकपुर पंजाब, कुरूक्षेत्र व यमुनानगर से भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। मामले में जांच जारी है।

### मुख्य आरोपी पर 20 केस

मुख्य आरोपी दलबीर सिंह के खिलाफ पहले भी 20 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने प्रीतनगर के रहने वाले भंवर सिंह की मोटरसाइकिल पर भी हाथ साफ किया था। भंवर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 14 नवंबर 2023 को विकास विहार के पास हरि हैंडलूम से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

# महिला से छेड़छाड़ के दोषी को 5 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- दोषी को 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने महिला से छेड़छाड़ करने के दोषी रोशन सिंह वासी पेहवा को 5 साल कठोर कारावास व 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

12 मार्च 2023 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में पेहवा एरिया वासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी दिमागी तौर पर परेशान रहती है। 12 मार्च 2023 को वह अपने काम से पेहवा गया हुआ था। जब वह घर वापस आया तो उसकी भाभी ने बताया कि रोशन सिंह ने उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की है। जांच के दौरान पीड़िता का मेडिकल चैकअप करवाया गया। आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। 9 जुलाई 2025 को मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी रोशन सिंह वासी पेहवा को दोषी करार देते हुए 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई, जुर्माना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा व आईपीसी की धारा 452 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई, जुर्माना न भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# गांजा तस्करी के बड़े मामले का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांजा तस्करी की एक बड़ी खेप पुलिस ने जब्त की है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। दरअसल पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है।

- दो आरोपियों से मिला 1.100 किलो गांजा

पुलिस को थाना पड़ाव क्षेत्र के दुधला मंडी से हिम्मतपुरा रोड के पास नशा तस्करी के मामले में गुलाब मंडी के रहने वाले आरोपी विशाल कुमार को 1 किलो 100 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि आरोपी सुखदेव महालदर निवासी श्याम नगर भी मामले में शामिल है। पुलिस ने जांच के दोरान सुखदेव को भी काबू कर लिया। असल में एएनसी के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थ बेचने का कार्य करता है। दुधला मंडी की हिम्मतपुरा कॉलोनी के पास ही मुख्य सड़क के जरिए गांजा की बड़ी खेप आने की सूचना मिली थी। इसी वजह से पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी विशाल को काबू कर लिया।

विधिपूर्वक तलाशी लेने पर विशाल से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया गया है।इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में थाना अंबाला छावनी में दर्ज मादक पदार्थो की तस्करी में पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार उर्फ विनय निवासी कुम्हार मंडी को 420 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।


**अंबाला।** गांजा तस्करी में पकड़े गए आरोपी।

# एनसीबी ने 3051 से अधिक नशा तस्करों को पहुंचाया जेल

- उप निरीक्षक डॉ. अशोक वर्मा विभिन्न स्थानों पर जाकर नशे के विरुद्ध कर रहे जागरूक

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह भापुसे के दिशानिर्देश में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल चलाकर हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर जाकर नशे के विरुद्ध जागरूक कर रहे हैं। वह महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत पहुंचे और वर्ग अनुदेशक सरिता की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें 87 छात्राओं और 7 अन्य अनुदेशकों ने भाग लिया। ब्यूरो द्वारा हरियाणा के जन जन को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और पुलिस निरंतर नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित कर 3051 से अधिक नशा तस्करों को कारागार तक पहुँचाया है तथा इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की गयी है।



## घर छोड़कर गई बच्ची 7 दिन बाद मिली

**घरौंडा।** घरौंडा रेलवे स्टेशन पर 3 जुलाई को एक नाबालिग लड़की लावारिस हालत में मिली। वह पानीपत की रहने वाली है। मां की डांट से नाराज होकर घर से भाग गई थी। दुर्गाशक्ति टीम ने उसे रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर में रखा। पूछताछ में वह बार-बार अपना नाम और पता बदलती रही। उसने यह भी कहा कि उसके माता-पिता मर चुके हैं। पहचान नहीं होने पर मामला यमुनानगर क्राइम ब्रांच के अधिकारी जगजीत सिंह को सौंपा गया। उन्होंने बच्ची से तीन बार फोन पर बात की। हर बार अलग जानकारी मिली। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। काउंसलिंग के दौरान बच्ची के मुंह से 'कठुआ' शब्द निकला। यही सुराग केस सुलझाने की चाबी बना। जगजीत सिंह ने अमेठी थाने से कठुआ गांव के सरपंच का नंबर लिया। बच्ची ने एक व्यक्ति को मामा बताया था। सरपंच ने बताया कि वह उसका नाना है। फिर नाना से संपर्क हुआ। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पानीपत के एक गांव में रहती है। वहीं से बच्ची की मां का मोबाइल नंबर मिला। कॉल करने पर पुष्टि हुई कि बच्ची दो जुलाई से लापता थी। चांदनी बाग थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। मां को करनाल बुलाया गया। वन स्टॉप सेंटर में जरूरी पूछताछ के बाद बच्ची को सौंपा गया। जांच में सामने आया कि बच्ची को घर के काम करने से बचने की आदत थी। मां के डांटने पर वह नाराज हो गई और घर छोड़ दिया। जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बच्ची को सुरक्षित मां को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि बच्ची सुरक्षित रही। वह ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे किसी गंभीर अपराध का शिकार भी हो सकती थी। क्राइम ब्रांच अधिकारी जगजीत सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों से सख्ती के बजाय संवाद करें। समय-समय पर बच्चों से बात करें। उनके मन की बात जानें। ताकि वे गलत कदम न उठाएं। यह मामला बताता है कि धैर्य और समझदारी से बड़ी परेशानी भी हल हो सकती है।

- मां की डांट से नाराज होकर भाग गई थी

## कुरुक्षेत्र में 23 से 27 जुलाई तक होगा अंतरराज्यीय कार्यक्रम : रंजन

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को बनाएं यादगार

- 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से पहुंचेंगे 900 युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि कुरुक्षेत्र गीता स्थली की पावन धरा पर 23 जुलाई से 27 जुलाई तक अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 900 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। इस अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का काम किया जाएगा। प्रधान सचिव राजीव रंजन बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले प्रधान सचिव राजीव रंजन, हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक कैप्टन मनोज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त महावीर प्रसाद, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, डीएसपी सुनील कुमार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विरेन्द्र पाल, डीवाईसीए के निदेशक डा. विवेक चावला, आईटीआई के उपनिदेशक राजकुमार, आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन ने 23 से 27 जुलाई तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम स्थल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सभागार का अवलोकन किया। इसके उपरांत सिनेट हॉल में अधिकारियों से तैयारियों से लेकर चर्चा भी की है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 23 जुलाई को अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सुबह 11 बजे उद्घाटन होगा और इस दौरान विभिन्न प्रदेशों से आए युवाओं के द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। 3 बजे से लेकर 4:30 बजे तक विभिन्न प्रदेश अपने-अपने प्रदेशों के प्रमुख गतिविधियों और पर्यटन स्थलों की पीपीटी प्रस्तुत करेंगे तथा सायं के समय 5:30 बजे से लेकर 8:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रधान सचिव ने कहा कि 25 जुलाई को सुबह के समय योगा और स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की जाएगी और सायं 3 बजे से लेकर 8 बजे तक समापन समारोह होगा, 26 जुलाई को विभिन्न प्रदेशों से आए विद्यार्थी कुरुक्षेत्र के पर्यटन और तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे ।


**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन।

### युवाओं से संवाद करेंगे

उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को 3 बजे से लेकर 4:30 बजे तक विषय विशेषज्ञ युवाओं के साथ सीधा संवाद करेंगे और 5:30 बजे से लेकर 8:30 विभिन्न प्रदेशों से आए युवा अपने-अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 24 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक योगा सैशन होगा, 10 बजे से लेकर 11:30 बजे तक पर्यावरण और 11:30 बजे से लेकर 1 बजे तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों पर मंथन किया जाएगा।

## बलवान मर्डर मामले में आया नया मोड़

**इसराना।** करीब सवा माह पूर्व बलाना में हुई पूर्व विधायक मनसा राम के भतीजे बलवान सिंह की हत्या के मामला में जहां पुलिस अभी तक हत्यारे तक नहीं पहुंच पाई वहीं इस प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया जब मृतक के बेटे को कुछ लोगों की तरफ से धमकियां मिल रही है।

मृतक के बेटे राकेश कुमार ने धमकियां मिलने के बारे में पुलिस को शिकायत दे कर धमकी देने वालो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मृतक के बेटे राकेश कुमार ने बताया कि पांच मई की रात को उसके पिता बलवान सिंह की किसी से हत्या के दी। उसके पिता का शव गांव से बाहर उनके निर्माणाधीन मकान में छह मई की सुबह मिला था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। उन्होंने पुलिस के सामने किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया। पुलिस इस प्रकरण में अपने स्तर पर जांच कर रही है। पुलिस ने जांच के दौरान कुछ लोगों से पूछताछ की है।

# पुलिस का नाका तोड़ने के मामले में दो आरोपी काबू

- थाना प्रभारी की गाड़ी को टक्कर मारकर भागे थे आरोपी, आरोपी से देशी कट्टा व जिन्दा रौंद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस का नाका तोड़ने व थाना प्रभारी की गाड़ी को टक्कर मारने के मामले में आरोपी परीक्षित उर्फ अमनी वासी कुवांरखेडी जिला कुरुक्षेत्र व हर्षदीप उर्फ बाटा वासी बीड अमीन जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके आरोपी हर्षदीप से 1 देशी कट्टा व 1 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है।

डीएसपी सिटी ओम प्रकाश ने बताया कि कंट्रोल रूम करनाल की तरफ से सूचना मिली थी कि गांव गीड में स्कॉर्पियो व एक फोरच्यूनर गाड़ी में सवार लोगों ने गोलिया चलाई हैं और मौका से भाग गए हैं जिनका नम्बर नोट नहीं हो सका है। सूचना पर कुरुक्षेत्र पुलिस ने जिला में नाकाबंदी की थी। थाना शहर थानेसर की टीम द्वारा मोहननगर चौंक पर नाका लगाया हुआ था जिसपर थाना प्रभारी शहर निरीक्षक नरेश कुमार खुद मौजूद थे। उसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो आई जिसको नाका पर तैनात पुलिस कर्मचारियों ने रोकने का प्रयास किया तो गाड़ी चालक ने पुलिस कर्मचारियों पर गाड़ी चढाने का प्रयास किया और भाग गए।

### रिमांड पर आरोपी

पुलिस टीम ने आरोपी हर्षदीप उर्फ बाटा वासी बीड अमीन व परीक्षित उर्फ अमनी वासी कुवांरखेडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पिछले रिकॉर्ड बारे जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### करनाल में भव्य सावन महोत्सव आज से

**करनाल।** श्रावण मास के पावन अवसर पर करनाल स्थित राम नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर में ॐ नमः शिवाय जाप परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में शिव भक्तों के लिए विशेष जाप एवं भक्ति संगीत कार्यक्रमों की श्रंखला प्रारंभ की गई है। शिवाय जाप परिवार के सेवादार संजय टिक्का द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, श्रावण मास में 10 जुलाई से प्रतिदिन रात्रि 9:00 बजे से 9:25 बजे तक /"ॐ नमः शिवाय/" जाप का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत रात्रि 10:00 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों से आमंत्रित प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत के माध्यम से भोलेनाथ के भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति दी जाएगी।

### इग्नू से डिस्टेंस डिग्री अब रेगुलर के साथ संभव

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी दी कि अब विद्यार्थी एक रेगुलर और एक डिस्टेंस मोड डिग्री एक साथ कर सकते हैं। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुमति के तहत संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इग्नू की कम फीस और लचीले ढांचे से विशेषकर महिलाओं और कामकाजी युवाओं को लाभ मिलेगा। एक डिग्री ऑफलाइन मोड में और दूसरी इग्नू के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से ली जा सकती है। डॉ. धर्मपाल ने कहा कि इससे छात्रों को दो विषयों में दक्षता, समय व धन की बचत और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### डॉ. चुहड़ सिंह बने गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के नए प्राचार्य

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में डॉ. चुहड़ सिंह ने प्राचार्य पद का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने पदभार सौंपा। डॉ. चुहड़ सिंह पूर्व में डीएवी कॉलेज पिहोवा और मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में कार्यरत रहे हैं। उन्हें पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया है और उनके 18 शोध पत्र राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

## तरावड़ी में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में होगा अखंड भंडारा : रमेश गुप्ता

# श्रीमदभागवत और ज्ञान यज्ञ के लिए मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण पत्र

वृन्दावन में गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक व विश्व विख्यात कथाव्यास अनिरूद्धाचार्य भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करेगें



**तरावड़ी।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को कथा का निमंत्रण देते हुए विधायक भगवान दास कबीरपंथी, एमडी अमन गुप्ता साथ में वोको पंचकूला के जनरल मैनेजर नीलाभ चुघ। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

विश्व प्रसिद्ध तरावड़ी मे ब्रह्मलीन परमपूज्य गुरू बाबा बंसी वाले जी एवं परम श्रद्धेय श्री स्वामी मुक्तानन्द जी महाराज भिक्षु की असीम अनुकंपा से व पूर्वजों के पावन आर्शीवाद से शिव शक्ति इंटर ग्लोब एक्सपोर्टस प्रा.लि. की ओर से तरावड़ी मे 6 अगस्त से 13 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं अखंड भंडारे का नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुये शिव शक्ति इंटरग्लोब एक्सपोर्टस प्रा.लि. के सीएमडी. रमेश गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय लाला पन्ना लाल जी, भगवन्ती देवी जी की पुण्य स्मृति में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं अखंड भंडारे का आयोजन करवाया जा रहा है। 6 अगस्त को तरावड़ी के शिवशक्ति सत्संग भवन, नगर खेड़ा से कथास्थल अनाज मंडी तक विशाल कलश यात्रा निकाली जाऐगी। जिसमें शहर की 11 सौ महिलायें कलश लेकर व सैंकड़ो की तादाद लोग हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि 7 अगस्त से रोजाना सांय 3 बजे से सांय 6 बजे तक श्रीमदभागवत कथा समय रहेगा। जिसमें विश्व विख्यात कथाव्यास अनिरूद्धाचार्य जी श्रद्धालुओं को कथा सुनाकर जीवन को सार्थक बनाने का मार्गदर्शन करेगें। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत कथा आध्यात्मिक कथा एक गहन अनुभव साबित होगी, जो सभी लोगों के जीवन में ज्ञान और शांति का संचार करेगी। कथा मे बाबा बंसी वाले जी के आर्शीवाद से सात दिन अखंड विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कथा की तैयारियां चल रही हैं। जिसमें शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग भी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर सुशील कुमार, संजय बंसल व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उचाना गांव में कल से भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज करनाल

उचाना गांव स्थित श्याम बाबा मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 जुलाई से 8 दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन होगा। यह आयोजन ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी की प्रेरणा से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य राजेंद्र शर्मा, दवेंद्र गौतम, सियाराम शर्मा, आजाद, बलवंत और संजीव शर्मा ने बताया कि 11 जुलाई को मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान सहारनपुर से आए विद्वान रजनीश कौशिक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगी। 16 जुलाई को शाम 4:30 बजे निशान साहिब पूजन होगा और 5:30 बजे गांव में निशान यात्रा निकाली जाएगी। 17 जुलाई को दोपहर 11 बजे से भंडारा तथा शाम 7 बजे से श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में गोपाल स्वामी जी के शिष्यों द्वारा श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा।



**करनाल।** प्रशिक्षण और कार्यशाला में मौजूद प्रधानाचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कार्यशाला में आरटीआई से लेकर सर्विस रूल तक चर्चा

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करनाल में चल रही नव-पदोन्नत प्रधानाचार्यों की कार्यशाला में पहले दिन प्रतिभागियों को विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। पहला सत्र आर टी आई अधिनियम पर डॉ. ईश्वर सिंह ने लिया। दूसरे सत्र में प्रवीण ने एस डब्लू ओ टी विश्लेषण की जानकारी दी। तीसरे सत्र में समग्र शिक्षा अभियान के तहत डॉ. सचिन मदान और पवन कुमार ने यूडीएस प्रणाली पर व्याख्यान दिया। अंतिम सत्र में सेवानिवृत्त सहायक नरेश कुमार ने सर्विस रूल (जनरल) पर चर्चा करते हुए प्रधानाचार्यों की शंकाओं का समाधान किया। सत्र का संचालन जिला समन्वयक देवेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में डाइट प्रभारी मुनीष कुमार, डॉ. करनैल चंद और डाइट स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



**तरावड़ी।** संस्था के पदाधिकारी परिवारजनो को स्मृति चिन्ह देते हुए।

### नेत्रदान कर किया दूसरे की जिंदगी में उजियारा

**तरावड़ी।** जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही है मरणोपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं। उनमें से एक नाम श्रीमती सुमित्रा देवी वलेचा पत्नी सुंदर दास वलेचा के मरणोपरांत उनके पुत्र दिनेश कुमार, महेश कुमार ने अपनी माता जी के नेत्रों का दान करवाया। आज शिव शक्ति सत्संग भवन में रसम पगड़ी के अवसर पर परिवार को शिव शक्ति संकीर्तन मंडल तरावड़ी एवं माधव नेत्र बैंक करनाल की ओर से एक स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# इंद्री से इस्लामनगर जाने वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** इंद्री से गांव इस्लामनगर जाने वाली खस्ता हालत सडक। *फोटो : हरिभूमि*

इंद्री से गांव नन्हेड़ा होती हुई इस्लामनगर जाने वाली सडक की खस्ता हालत होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । सडक के हालात ऐसे हैं कि सडक में चलते समय यह भी पता नहीं चलता कि सडक में गड्ढे हैं या गड्ढों में सडक । सडक इतनी खराब है कि सडक में गहरे व बडे-बडे गड्ढे हो चुके हैं । सडक मे गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों का सडक से गुजरना मुश्किल हो रहा है । ग्रामीण कुलदीप, मोहित, तरसेम, देवेंद्र, सुशील व इंद्रवेश आदि लोगों का कहना है कि यह सडक इंद्री से कलरी नन्हेडा होकर इस्लामनगर जाती है और यह सडक कई गांवों को जोड़ती है । जिस कारण सडक पर वाहनों की भरमार रहती है और गड्ढों के कारण हादसे होने का खतरा बना रहता है । ग्रामीणों ने बताया कि वे इस सडक को ठीक करवाने को लेकर कई बार प्रशासन से मांग कर चुके हैं लेकिन सडक के हालात में कोई सुधार नहीं किया गया । इस सडक को लेकर जब पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ रोहताश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस सडक के नवीनीकरण के अप्रूवल के लिए फाइल भेजी हुई है जैसे ही अप्रूवल आएगी नवीनीकरण का काम शुरू हो जाएगा ।

# मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे कर्मचारी

- केंद्रीय ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संघों की फेडरेशनों के आह्वान पर कर्मचारियों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री




**इंद्री।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर प्रदर्शन करते कर्मचारी ।

केंद्रीय ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संघों की फेडरेशनों के आह्वान पर की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल मे ब्लॉक इंद्री में बिजली, रिटायर कर्मचारी संघ ,नगरपालिका, पब्लिक हेल्थ, स्वास्थ्य विभाग,फायर ब्रिगेड, अध्यापक संघ, आई सी डी एस सुपरवाइजर वेलफेयर यूनियन, कानूनगो एवं पटवार यूनियन, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा वर्कर, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी आदि सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया । हड़ताल की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान शंटी कांबोज, सीआईटीयू से सुदेश ,रिटायर कर्मचारी संघ से ब्लॉक प्रधान बलवान, हरियाणा कर्मचारी महासंघ से रामकुमार ने की । मलकीत सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों में मुख्य रूप से चार लेबर कोड्स को रद्द कर 29 श्रम कानून लागू किए जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, सरकारी विभागों का निजीकरण बंद हो, सरकारी विभागों का विस्तार हो ,आठवां वेतन आयोग लागू हो, मंहगाई पर रोक लगे, बेरोजगारी को कम किया जाए, स्थाई रोजगार दिया जाए, कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए आदि हैं। उन्होने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे देश में हड़ताल की गई है । अपनी मांगों को लेकर सभी कर्मचारी इंद्री स्थित परशुराम धर्मशाला में इक्_ हुए । इसके बाद सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा शहर के उधम सिंह चौक से होते हुए वन विभाग के दफ्तर तक प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर कर्मचारी नेता मलकीत सिंह, ओमप्रकाश, बलराज, शामलाल, अरुण,देवेन्द्र सिंह, बुधराम, सुरजीत, हुसन लाल, नवयोग सिंह , अर्जुन सिंह, मदन कालरा, रेखा, अमरजीत कौर, रोशनी, सुदेश व शिमला देवी सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्रकार को मातृशोक, रस्म क्रिया व प्रार्थना सभा 16 को

- पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, नपा चेयरमैन वीरेंदर बंसल समेत गणमान्य लोगों, समाजसेवियों, पार्षदों ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

पत्रकार रोहित लामसर की माता कमला रानी अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु चरणों मे लीन हो गई हैं। उनकी आत्मिक शन्ति के लिए प्रार्थना सभा एवं रस्म क्रिया 16 जुलाई बुधवार को तरावड़ी शहर के नगर खेड़े के पास शिव शक्ति सत्संग भवन में दोपहर 1 से 2 बजे तक होगी। उनके निधन पर हल्के के पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, उद्योगपत्ति पंकज गोयल, उद्योगपत्ति संजय सिंगला, जिला परिषद सद्स्य सचिन बुढनपुर, इंद्रजीत गोराया, राजेश पधाना, जिला परिषद सद्स्य विक्रम राणा, नगरपालिका चेयरमैन वीरेंदर बंसल, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव डा. मुनीष परवेज राणा, रुपिंदर मिश्रा, संजीवन शर्मा, मास्टर अमन शर्मा, योगेश मिड्ढा, शंटी बजाज, नवदीप चौधरी, भीमसिंह जलाला, दयावान सिंगला, पार्षद नरेश गाबा, प्रतिनिधि दिलप्रीत चहल, डा. सर्वजीत कौर, भाजपा नेता जोगिंदर कुक्कू, समाजसेवी रामपाल लाठर, राजीव ठाकुर, नरेंद्र, सूरजभान वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला, शैलेन्द्र जैन, मैनपाल ने उनके आवास पर पहुँचकर शोक जताया ओर परिवार को सांत्वना दी। इसके अलावा भाजपा मंडल तरावड़ी, राइस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन, श्री हनुमान सेवा समिति, भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी, भाजपा मंडल नीलोखेडी, तरावड़ी पत्रकार एकता मंच, आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी, भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला आदि रहे।

# खुले में सांस लेने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए उपयोगी हैं पौधारोपण : कमल कांत

- निफा घरौंडा ने पौधरोपण कर दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बुधवार को निफा की शाखा घरौंडा द्वारा गीता निकेतन पब्लिक स्कूल अराईपुरा रोड चौरा के प्रांगण में 40 पौधे रोपित कर निफा के गो ग्रीन प्रोजेक्ट 2025 के तहत पोधारोपण का कार्य किया गया। इस मौके पर मुख्य अध्यापक अनिल राणा,स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी और निफा घरौंडा के सदस्यों ने पेड़ पोधे लगाने का काम किया। इस मौके पर घरौंडा निफा शाखा के प्रधान कमल कांत धीमान ने बताया कि निफा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा जिसमे आज गीता निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 40 पौधे रोपित किए गए है और इनके रख रखाव की जिम्मेदारी स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा ली गई है निफा सदस्य कुशल गोयल ने बताया कि आज जैसे जैसे प्रदूषण की मात्रा वातावरण में अधिक होती जा रही है, वैसे - वैसे ही अनेकों बीमारियां भी बहुत तेजी से फैलती जा रही है। जिससे कि ना केवल पूरे देश के लिए बल्कि यह पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। अगर हमें इन सब घातक बीमारियों से कोई निजात दिला सकता है तो वो है केवल पेड़। इस मौके पर प्रिंसिपल अनिल राणा ने बताया कि आज निफा के इस अभियान में गीता निकेतन पब्लिक स्कूल के द्वारा 40 पौधे रोपित कर उनके रख रखाव की जिम्मेदारी ली गई है क्योंकि बीमारियों से निजात पाने के लिए केवल पेड़ पोधे ही सिद्ध साबित हो सकते है। इसीलिए हम सभी ने इस साल प्रण लेना है कि हमसे जितने हो सके उतने पेड़ हमने इस बार लगाने है और उनके रख रखाव कार्य भी सुचारू रूप से निरंतर करते रहना है।



**घरौंडा।** पौधरोपण करते निफा की शाखा घरौंडा के पदाधिकारी व सदस्य।

### पौधा लगाकर संरक्षण की लें जिममेदारी

निफा के इस अभियान में हमारे स्कूल का हर एक बच्चा एक पेड़ अपने परिवार के साथ लगाकर उसके रखरखाव की जिम्मेदारी लेकर सहयोग करेगा। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा भी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल अनिल राणा, रवि राणा अध्यापक, विद्यार्थी और निफा टीम से कमल कांत धीमान, यश पन्नू, कुशल गोयल, नीरज गर्ग, विशु गुप्ता, जतिन मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष आज करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण आज घरौंडा में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष वीरवार को निर्मल विहार कॉलोनी स्थित गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में सुबह 10 बजे हवन में शामिल होंगे।

इसके बाद सुबह 11.30 बजे गांव गुढा में पहुंचकर गुरु ब्रम्हानंद आश्रम के समीप सभागार, पशु अस्पताल में कमरे, ब्राह्मण चौपाल की चार दीवारी तथा राजकीय स्कूल में नए कमरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास व मेन सडक़ से लेकर संजीव मेंबर के खेत तक के रास्ते का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.15 बजे गांव कोहंड पहुंचेंगे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बहुद्देश्यीय सभागार तथा चार नए कमरों के निर्माण कार्य का, गलियों का तथा पुरूषोत्तम फौजी के खेत के रास्ते का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष दोपहर एक बजे बिरम रावल के निवास स्थान पर कथा में शामिल होंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.30 बजे स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जन सुनवाई करेंगे तथा शाम 7.30 बजे बीआरएम कॉलेज में जागरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### टाटा ने लॉन्च किया सबसे सस्ता मिनी ट्रक

**करनाल।** टाटा मोटर्स ने 3.99 लाख की शुरुआती कीमत में टाटा ऐस प्रो लॉन्च कर दिया है। यह देश का सबसे किफायती 4-व्हील मिनी ट्रक है, जो पेट्रोल, बाय-फ्यूल और इलेक्ट्रिक विकल्पों में उपलब्ध होगा।

कंपनी के अधिकारी गिरीश वाघ और पिनाकी हल्दर ने बताया कि यह वाहन 750 किलो की पेलोड क्षमता, 6.5 फीट का डेक, IP67 बैटरी, और AIS-096 क्रैश टेस्टेड केबिन जैसी खूबियों से लैस है।

हरियाणा के करनाल, हिसार, रोहतक, सोनीपत और गुरुग्राम जैसे जिलों में इसका सीधा लाभ छोटे व्यापारियों, डेयरी उत्पादकों, और लॉजिस्टिक्स उद्यमियों को मिलेगा। वाहन की बुकिंग ऑनलाइन और देशभर के 1250 टचपॉइंट्स पर उपलब्ध है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने घोषित की कार्यकारिणी, डॉ. अशोक बने मीडिया प्रमुख

·करनाल। भाजपा करनाल जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने प्रदेश नेतृत्व से परामर्श के बाद जिला स्तरीय 22 पदाधिकारियों की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने सभी नामों की घोषणा की। संजय राणा, नरेंद्र सिंह, साहिल मदान, दीपक शर्मा, संयोगिता गुप्ता और प्रियंका कठपाल को उपाध्यक्ष, जबकि सुभाष कश्यप पिंगली और मानव पुरी को महामंत्री बनाया गया। नवीन कुमार, मनमीत बावा, विकास कथूरिया, दीपक सैनी, उषा पांचाल, सुमन रानी और संतोष पाल को सचिव तथा मोनिक गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. अशोक कुमार को लगातार तीसरी बार मीडिया प्रमुख, विकास राणा को आईटी सेल प्रमुख और बब्बू मंजुरा को सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया। कार्यक्रम में मेयर रेणुबाला गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

## पशुओं का स्थायी समाधान नहीं हो रहा, कई लोगों को किया चोटिल

# शहर मे बढ़ते बेसहारा पशु दे रहे हादसों को दावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बेसहारा पशुओं को लेकर इस समय शहर के लोग काफी परेशान हैं और शहर में ये पशु जगह-जगह घूमते देखे जा सकते हैं। अगर पालिका उन्हें पकडक़र कहीं छोडक़र भी आती है तो कुछ ही दिनों के बाद फिर उनकी संख्या बढ़ जाती है। शहर की की कोई ऐसी गली या बाजार नही जहां पर बीच मे खड़े पशु ना हो। बाजार के बीच सडक़ पर खड़े पशु आने जाने वालों हमला कर देते है। इसका मुख्य कारण है कि आसपास के गावों से लोग हैं जो पशुओं का व्यापार करने के साथ-साथ दूध बेचने का काम भी करते हैं पर जो पशु उनके पास दूध देना बंद कर जाते हैं या नाकारा हो जाते हैं तो वे उसे चारपहिया वाहन में लादकर आसपास खुली सडक़ या जी टी रोड़ के पास किसी भी खुले स्थान पर छोडक़र चले जाते हैं जिस कारण इनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पहले करनाली गेट के पास पशु आपस में भिड़ गए तथा वहां खड़ी दो बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। जब तक शहर के लोग पशु छोडऩे वालों को पकडऩे का अभियान नहीं चलाते तब तक उनकी संख्या इसी तरह से बढ़ती रहेगी। जी टी रोड़ पर शांतिवन गोपाल गौशाला बनी है उसमें पहले से ही क्षमता से अधिक पशुओं का पालन-पोषण होता है। इसलिए गौशाला प्रबंधक कई बार लोगों से अनुरोध कर चुके हैं कि यहां इससे अधिक पशुओं की व्यवस्था नहीं है तथा गौशाला के बाहर पशु न छोड़ें। उसके बाद भी कई लोग पशुओं को गौशाला के बाहर छोडक़र चले जाते हैं।



**तरावड़ी।** ।शहर की गलियों मे जगह जगह बैठे बेसहारा पशु।

### पशु छोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

सचिव अजीत कुमार का कहना है कि आवारा पशुओं को पकडने का समय समय पर अभियान चलाती है। अगले दो दिन तक इस अभियान को दूबारा चलाया जायेगा। जब इस मामले को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल से बात की तो उन्होंने कहा कि अगर वाहन में कोई व्यक्ति पशु लादकर शहर में आता है तो उसकी जानकारी तुरंत हमें दें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### बीपीएल परिवारों के साथ किया धोखा : डॉ. पंवार



ओमबीर पंवार।

**पानीपत।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.ओमवीर सिंह पंवार ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि गरीबों की हितैषी होने का ढींडौरा पीटने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार ने 6.36 से अधिक बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर कर खाद्य आपूर्ति व अन्य सरकारी लाभों से वंचित रख कर बहुत ही निंदनीय काम किया है। भाजपा का यह फैसला दर्शाता है कि चुनावों से पहले भाजपा के नेताओं ने प्रदेश की गरीब जनता से जो झूठे वायदों ओर सपनों में उलझाया गया अब चुनाव समाप्त होते ही उनके हक छीने जा रहे हैं।

### पानीपत में लोक अदालत का आयोजन 12 को

**पानीपत।** वर्षा शर्मा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत ने बताया कि सुदेश कुमार शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। लोक अदालत में सभी प्रकार के मुकदमे जैसे दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना अधिनियम, चालान व्यवहायिक, बैंक लॉन, पारिवारिक मुकदमों आदि का निपटारा होता है।

### समिति ने फिर उठाया बच्चे की पढ़ाई का खर्च



गौतम का दाखिला कराते समिति सदस्य ।

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति ने फिर से एक गरीब बच्चे की पढऩे में मदद करते हुए उसका स्कूल में दाखिला कराया। गौतम नाम के बच्चे की पढऩे की इच्छा को देखते हुए उसके परिवार वालों ने गरीब परिवार सहायता समिति के सदस्यों से संपर्क किया और बताया कि गौतम के पिता की तबीयत ठीक ना होने की वजह से वह बच्चे को पढ़ाने में असमर्थ हैं। आर्थिक स्थिति जांचने के बाद समिति के सदस्य एवन पब्लिक स्कूल तहसील कैम्प में गए और बच्चे का एडमिशन बारहवीं में करवाया।

### एसडी स्कूल के बच्चों के लिए मानसिक कार्यशाला

**पानीपत।** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा छठी से दसवीं के लिए विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से सागर तागरा मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से कुशाग्र बनाने के लिए एक्टिविटीज कराई। विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल तथा मैनेजर फकीरचंद ने इस कार्यशाला की प्रशंसा की। इस अवसर पर राजेंद्र जयसवाल, योगीराज श्री कृष्णा सदन के इंचार्ज रणवीर शर्मा, सिद्धेश्वरी, अजय तथा आदिशक्ति सदन से वरुण शर्मा, काजल और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सदन से से आचार्य करण और सीमा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### लाल झंडों व बैनरों से रंगा नजर आया जीटी रोड

# कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ की देशव्यापी हड़ताल

कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

किसान-कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल के तहत आज जिला में सरकारी और गैर सरकारी विभागों में हड़ताल असर दिखाई दिया। बिजली बोर्ड, पब्लिक हेल्थ, इरिगेशन, रोडवेज, हुड्डा, नगर पालिका, फायर ब्रिगेड, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएम विभाग से संबंधित आशा वर्कर्स यूनियन, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन, मार्केट कमेटी, बीमा, बैंक, एलआईसी एजेंट यूनियन, औद्योगिक मजदूर, ग्रामीण कर्मचारी यूनियन हरियाणा आदि विभागों के मजदूर-कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। अपने अपने विभागों के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित किए गए।

पानीपत शहर के अंदर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू, एटक, इटंक, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, कर्मचारी महासंघ, इंडसट्रियल वर्कर यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा, अखिल भारतीय किसान सभा, हरियाणा किसान सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, हरियाणा खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति आदि संगठनों के नेतृत्व में अपने झंडे और बैनर्स के साथ जीटी रोड पर विशाल रोष रैली सरकार की नीतियों के खिलाफ निकली गई। लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी लाल झंडे और अपने मांगों के बैनर के साथ सरकार के खिलाफ गगनचुंबी नारे लगा रहे थे।



पानीपत। हड़ताल में शामिल यूनियनों के सदस्य विरोध प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित कर की नारेबाजी




पानीपत। जीटी रोड पर प्रदर्शन करते विभिन्न यूनियनों के कर्मचारी । फोटो : हरिभूमि

## एआईयूटीयूसी की यूनियनें हुईं शामिल

**पानीपत।** ऑल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर सहित देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों द्वारा आज पूरे देश में एक दिन की आम हड़ताल करने की अपील पर समालखा में एआईयूटीयूसी की यूनियनों ने हड़ताल में हिस्सा लिया और गोल्डन पार्क से रेलवे स्टेशन तक जुलूस के माध्यम से अपनी मांगों की आवाज बुलंद करने के साथ ही सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन भी किया। एआईयूटीयूसी प्रदेश सचिव कॉ.हरिप्रकाश ने कहा कि कुर्बानियों से हासिल श्रम कानूनों को रद्द करके बीजेपी सरकार ने देश व दुनिया के सरमायदरों के स्वार्थ में 4 लेबर कोड बना दिए। जिनके माध्यम से देश के मजदूरों का सरेआम शोषण करने का अधिकार पूँजीपतियों को दे दिया। मोदी सरकार मालिकों के मुनाफे को दिन दोगुना.रात चोगुना बढ़ाने का रास्ता साफ कर रही है। सरकार से मजदूर विरोधी नीतियों को वापस कराने के लिए आज की हड़ताल की गई है।

**यह हुए शामिल:** इस अवसर पर शेरसिंह, राममेहर सिंह, राजबीर सिंह, अलियास, बलबीर सिंह, दलबीर सिंह, संजीव कुमार, सुमन, कविता व कमलेश आदि प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे।

### हड़ताल में शामिल हुए थर्मल कर्मचारी

**पानीपत।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आज थर्मल के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया। विरोध प्रदर्शन अध्यक्षता यूनिट प्रधान अरुण तँवर ने व मंच संचालन यूनिट सचिव दीवान यादव ने किया। प्रधान अरुण तंवर ने कहा कि यह हड़ताल पुरानी पेंशन बहाली, लेबर कोड रद्द करने, पीएफ आरडी ए को रद्द करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, नई शिक्षा नीति को रद्द करने आदि तमाम मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय सरकारी कर्मचारी महासंघ व लगभग सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर की जा रही है। इस हड़ताल या विरोध प्रदर्शन में किसान, मजदूर व छात्र आदि भी हिस्सा ले रहे हैं। वरिष्ठ उप प्रधान सतीश पांचाल ने भी सरकार को चेताया कि या तो सरकार पुरानी पेंशन बहाल कर दे पी एफ आरडी ए रद्द कर, पक्के रोजगार दे, अन्यथा कर्मचारी, किसान, मजदूर व छात्र सभी मिलकर आंदोलन और तेज करेंगे। इस मौके पर सर्कल सचिव अमरीश त्यागी, जय भगवान, विकास आदि नेताओं ने भी अपने विचार रखें।



पानीपत। स्कूलों में पैड वेंडिंग मशीनें भेंट करते रिफाइनरी के अधिकारी ।

## स्कूलों में स्वच्छता और सफाई की दी जानकारी

**पानीपत ।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा 1 से 15 जुलाई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता एवं सफाई को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। पीआरपीसी ने पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोहंड, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ददलाना तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रजापुर में इनसिनिरेटर युक्त सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें स्थापित की। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन ने संजय कुमार महाप्रबंधक मानव संसाधन की उपस्थिति में छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई।

### मॉडल संस्कृति विद्यालय में पौधरोपण



पानीपत। पौधरोपण करते डीईईओ सुभाष भारद्वाज, प्रिंसीपल प्रतिमा शर्मा व अन्य।

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आज एक पेड माँ के नाम पौधरोपण अभियान शुरु किया गया। जिसमें प्रिंसीपल प्रतिमा शर्मा, डीईईओ सुभाष भारद्वाज, वाइस प्रिंसिपल राममेहर ने विद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण किया। डीईईओ सुभाष भारद्वाज ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने आस पास के क्षेत्र में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। प्रिंसीपल प्रतिभा शर्मा ने बच्चों से आह्वान किया कि जिले को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। प्रवीण कुमार व निशा मलिक ने भी पौधरोपण पर अपने विचार रखे।

### पिता 30 साल से लापता, अब पुलिस को शिकायत

पानीपत। पानीपत में एक युवक ने 30 साल पहले लापता हुए अपने पिता की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। युवक का कहना है कि पिता के लापता होने के बाद मेरी मां ने दूसरी शादी कर ली थी। मुझे सरकारी नौकरी करनी है। जल्द ही हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन की तरफ से ग्रुप.सी व डी की भर्तियों के लिए एग्जाम होगा। इस एग्जाम में उन कैंडिडेट्स को 5 नंबर एक्स्ट्रा मिलेंगे जिनके मां.बाप नहीं है, लेकिन इसके लिए फॉर्म भरते हुए सर्टिफिकेट अपलोड करना पड़ेगा। इसलिए मैंने अपने पिता की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। रोहतास ने बताया कि मैं खेती करता हूं। घर पर पत्नी कमलेश और 15 साल का बेटा है। मेरे पिता का नाम जिले सिंह है। मैंने उन्हें कभी नहीं देखा। मेरे पास उनकी कोई फोटो भी नहीं है। आज उनकी उम्र 65 साल के आसपास होगी। जब मैं 2-3 साल का था तो पिता घर से अचानक कहीं चले गए। परिवार के लोगों ने उन्हें काफी ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद मां कलावती ने दूसरी जगह शादी कर ली। युवक ने आगे बताया कि माता.पिता के बाद बचपन से लेकर अब तक मैं अपने ताऊ.चाचा के पास रहा। उन्होंने ही मेरा पालन पोषण किया। इसलिए मैंने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पहले भी मैंने ग्रुप.सी का एग्जाम दिया था, लेकिन सफल नहीं हो पाया। इस बार मैं ये सर्टिफिकेट लगाकर फॉर्म भरूंगा। इससे मुझे 5 नंबर की छूट मिल जाएगी। वहीं इसराना थाना के जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल हरीश ने बताया कि फिलहाल शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शिकायतकर्ता के पास भी गुमशुदगी से संबंधित कोई अधिक जानकारी, फोटो नहीं है।



पानीपत। प्रधान रणदीप आर्य विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए ।

## विद्यार्थी काल ब्रह्मचर्य आश्रम का महत्वपूर्ण भाग : रणदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे।

गांव चुलकाना के सरपंच सतीश छौक्कर, उप प्रधान ओमदत्त आर्य और दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। उप प्राचार्य जगदीश चहल व विज्ञान प्रवक्ता सीमा रामदेव ने सभी का स्वागत किया। योग अध्यापक प्रवीण आर्य ने सभी का आभार जताया। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति में मनुष्य जीवन को चार भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम व वानप्रस्थ आश्रम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ब्रह्मचर्य आश्रम का सबसे महत्वपूर्ण भाग है जो मानव जीवन की सफलता और मोक्ष प्राप्ति का आधार बनता है।

### धर्मबीर कश्यप ने सीएम सैनी से की मुलाकात



पानीपत। कश्यप राजपूत सभा के पानीपत जिला प्रधान धर्मबीर कश्यप देहरा ने विधायक रामकुमार कश्यप की अगुवाई में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित आवास पर मुलाकात की। धर्मबीर देहरा ने पानीपत जिला स्तर की कश्यप समाज की पुरानी मांग धर्मशाला की जमीन की रखी। प्रधान ने बताया कि जिला में कश्यप समाज की आबादी लाखों में होते हुए जिला स्तर पर समाज की धर्मशाला नहीं है। कश्यप समाज के सामाजिक उत्थान के लिए जिला स्तर पर धर्मशाला का निर्माण होना बेहद जरूरी है। वहीं कश्यप समाज के इकलौते विधायक रामकुमार कश्यप ने भी मुख्यमंत्री से कश्यप समाज को धर्मशाला निर्माण की पुरानी मांग की पैरवी की। मुख्यमंत्री सैनी ने आश्वसन दिया कि कश्यप समाज की पानीपत में जिला स्तरीय धर्मशाला की पुरानी मांग को जल्द पूरा किया जाएगा।

## भाजपा ने जिले की जंबों कार्यकारिणी घोषित की

- मौजूदा मंत्री से लेकर पूर्व पार्षद तक को किया शामिल, कार्यकारिणी में 43 सदस्य भी बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पत्रकारों को जिला कार्यकारिणी की जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ।

भाजपा के पार्टी शीर्ष नेतृत्व से विचार.विमर्श कर करके नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पत्रकारों को देते हुए बताया कि जिला भाजपा में कुछ संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है। जिसमें रौशन लाल माहला, नवीन भाटिया, संजय त्यागी, पूर्व चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, ज्योति प्रमोद कुराडिया और अनीता चावला को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इसी प्रकार सुनील कंसल, सुमित जागलान को महामंत्री, रविन्द्र तुषामड़, नरेश बैनीवाल, कृष्ण दुग्गल, भावना जैन, रेशमा राजपूत, सतबीर पांचाल, रविन्द्र रावल को सचिव, मनीष जावा को कोषाध्यक्ष, लाजपत मल्हौत्रा को कार्यालय सचिव, वेद पाराशर को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं राहुल राणा को जिला आईटी प्रमुख, औमदत्त आर्य को जिला मीडिया प्रभारी और रमेश सैन अहरिया को जिला सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। राजेश जागलान को जिला मन की बात कार्यक्रम का प्रमुख का दायित्व दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि जिला भाजपा के लिए उच्च स्थाई आमंत्रित सदस्य भी बनाए गए हैं। जिनमें केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहरलाल, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा के विधायक मनमोहन भढ़ाना, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता, पूर्व सांसद संजय भाटिया और नगर निगम की मेयर कोमल सैनी का नाम शामिल है। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य राममेहर मलिक, पूर्व मेयर अवनीत कौर, जसबीर राठी, गुलशन तलवार, अजमेर मलिक, लोकेश नांगरू, अमरजीत कोहली, देवेन्द्र दत्ता, रविन्द्र भाटिया, शशिकांत कौशिक, मीना रानी, दयानंद उरलाना, जयदेव नौल्था, कप्तान खर्ब, पवन राणा, संजीव दहिया, दीपक राणा, सुलेख जैन, मेराज हसन साबरी और प्रमोद देवी, सुनील सोनी, सुलेख डिडवाड़ा, गजेन्द्र सलूजा, संजय अग्रवाल, सुनीता देशवाल, अंकुश नारायणा, सीमा रावल और अशोक कुच्छल के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जिला कार्यकारिणी में 43 सदस्य भी बनाए गए हैं। जिनमें जगबीर आर्य, कृष्ण छौक्कर पट्टीकल्याना, मेघराज गुप्ता, ईश कुमार राणा, देवी सिंह, सत्यनारायण पण्डित, एडवोकेट अजीत सिंह, सर्वेश शर्मा, रामभंज रावल, मेहरचंद जांगड़ा, सुरेश गुम्बर, अनीता परूथी, विमल बंसल, लाजपत मल्हौत्रा, मधु शुक्ला, सोनू जोगी सरपंच, प्रवेश मित्तल, राम सिंह सैनी, कर्ण सिंह, सुखबीर भौक्कर, बेला भाटिया, अनिल मदान, नवल जिंदल, अशोक कटारिया, जितेन्द्र रोहिला, राकेश जैन, उर्वशी गोयल, अशोक गुम्बर, कुसुम शर्मा, सरदार हरचरण सिंह धम्मू, डॉ.अजय दुआ, रमन छाबड़ा, तरूण गांधी, सतीश गम्भीर, पंकज शर्मा, वीमल चौहान, विशाल गोस्वामी, विक्की कात्याल, संदीप गर्ग, अजीत बिट्टू प्रजापत, लक्ष्मण रहेजा, रणजीत शर्मा और नीरज गोयल के नाम शामिल है।

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजित

# गुरु का ज्ञान भक्त को कभी गिरने नहीं देता: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत






पानीपत। श्रद्धालुओं को संबोधित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज औरउत्सव के दौरान प्रवचन सुनते श्रद्धालु । फोटो : हरिभूमि

सेक्टर 25 स्थित श्याम बाग में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति की ओर से आयोजित प्रातः कालीन हवन यज्ञ करके गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात श्रीमद्भागवत गीता एवं गुरु का पूजन अर्चन एवं आरती की गई। जिले एवं आसपास के क्षेत्र जैसे सफीदों, शामली, जींद, गन्नौर आदि क्षेत्रों से आए। भक्त जनों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। अधिकतर भक्त जनों ने महाराज श्री पर पुष्प वर्षा की तथा श्रीमद्भागवत गीता भेंट करके महाराज श्री से जीवन में गीता की प्रेरणा से आगे बढऩे का संकल्प लिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी ने व्यास पूजा के महत्व के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में गीता का ज्ञान भगवान श्री कृष्ण ने आज से लगभग 5000 वर्ष से अधिक समय पूर्व दिया था, परंतु भगवान की इस वाणी को उत्तराखंड के बद्री धाम के समीप माना गांव में ऋषि वेद व्यास जी ने गुफा में धार्मिक ग्रंथ के रूप में लिखा, तभी से व्यास पीठ का महत्व जाना गया तथा कोई भी साधारण व्यक्ति व्यास गद्दी पर विराजमान नहीं हो सकता। महाराज श्री ने बताया की परमात्मा और मनुष्य के बीच में एक गुरु ही ऐसा माध्यम है जो उनको सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर उनको परमात्मा से जोड़ सकता है। गुरु का ही ज्ञान होता है जो अपने भक्तों को कभी भी गिरने नहीं देता। वहीं भजन गायक पवन गुंबर ने प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता सेवा समिति की कार्यकारिणी एवं सदस्य गणों ओर से अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने महाराज श्री को पुष्प माला अर्पित कर आशीर्वाद लिया। वहीं विकास गोयल, इनर व्हील क्लब से सीमा बब्बर, एवं महिला मंडल के नेतृत्व में 2000 पौधों का वितरण किया गया। मौके पर विभु पालीवाल, एसपी बंसल, सूरज दूरेजा, सुरेश अरोड़ा, अंकुश बंसल,कंवर रविंद्र सैनी, सुनील ग्रोवर, विपिन सरदाना, अनिल मदान, प्रीतम गुर्जर, राजू शर्मा, पंकज वर्मा, सुरेश शर्मा, अवनीश ठाकुर, ओमप्रकाश सचदेवा, गुलशन चुघ, धीरज बत्रा आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, राहुल विज, कृष्ण छोकर किवाना, सनातन धर्म संगठन से कृष्ण रेवाड़ी, दशहरा कमेटी से रमेश माटा एवं भीम सचदेवा, राधा रमन मंदिर से विपिन चुघ, काशी गिरी मंदिर से हरीश खुराना, प्रेम मंदिर से माता कांता जी महाराज, श्री राम सेवा दल से हरबंस आनंद, पानीपत सेवा मंडल से सुभाष बठला, ज्ञानेश्वर मंदिर से हरीश अरोड़ा, सनातन धर्म मंदिर से तरुण गांधी, वृंदावन ट्रस्ट से राकेश बंसल, गुरु रामदास गुरुद्वारा से हरविंदर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### नपा सदन की मीटिंग में विधायक प्रतिनिधियों की रोक के लिए सीएम को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीपी कपूर सीएम को भेजा गया ज्ञापन दिखाते हुए।

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने नगरपालिका हाउस मीटिंग में विधायक प्रतिनिधियों के शामिल होने को असंवैधानिक बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पालिका सचिव मनीष शर्मा की मार्फत ज्ञापन भिजवाया है।

ज्ञापन की प्रतियाँ डीसी, जिला पालिका आयुक्त व एसडीएम को भी भेजी हैं। कपूर ने बताया कि सात महीने बाद गत 7 जुलाई को सम्पन्न समालखा नगर पालिका हाउस मीटिंग में समालखा हलका विधायक मनमोहन भड़ाना ने खुद न आ कर अपने दो कर्मचारियों विजय शेखर व राकेश अहलावत को भेज दिया।

ये दोनों प्रॉक्सी प्रतिनिधि मीटिंग में बतौर विधायक प्रतिनिधि पालिका अधिकारियों व निर्वाचित पार्षदों को दिशा निर्देश देते रहे, प्रस्ताव पारित करवाते रहे, गैर कानूनी दखल अंदाजी करते रहे। जोकि हरियाणा नगर पालिका बिजनेस बाई लाज 1981 के उपनियम 7 की घोर उल्लंघना है। नियम कानूनों की उल्लंघना करके गत 7 जुलाई को पालिका हाउस मीटिंग में पारित सभी प्रस्ताव व फैसले भी असंवैधानिक हैं। इसलिए भविष्य में नगर पालिका समालखा की हाउस मीटिंग में किसी भी विधायक प्रतिनिधि या सांसद प्रतिनिधि या पार्षद प्रतिनिधि की एंट्री पर सख्ती से रोक लगवाई जाए।

## खबर संक्षेप

### चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित महिला ने 1 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 जून 2025 को हरमन सिटी रोड छोटा खुड्डा के पास आरोपी साहिल ने जान से मारने से नीयत से उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### नशा मुक्त अभियान चलाया

**अंबाला।** एसपी अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में एनडीपीएस सैल की ओर से थाना पंजोखरा साहिब क्षेत्र के गांव नगला व गांव खानपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणोंको नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया। ग्रामीणों को बताया गया कि नशा समाज और परिवार के लिए भी हानिकारक है। यह परिवार व समाज दोनों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आग्रह किया है।

मतदाता सूची में दर्ज सूचनाओं को सही रखना बीएलओ की जिम्मेदारी

### ट्रेनिंग के दौरान बीएलओ को दिए जरूरी निर्देश



**नारायणगढ़।** विधानसभा की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में बुधवार को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी बीएलओ से कहा की कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों एवं गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें। मतदाता सूची में दर्ज सूचनाओं को सही, त्रुटिरहित रखने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें। एसडीएम ने कहा कि बीएलओ चुनाव प्रक्रिया की रीढ़ होते हैं। मतदाता सूची सही हो, यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। बीएलओ से कहा कि ट्रेनिंग के दौरान जो भी जानकारी दी गई है। फॉर्म 6, 7 और 8 भरने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

---

कई विभागों के कर्मचारियों ने लिया हिस्सा, हड़ताल की वजह से कई सरकारी विभागों में नागरिक सेवाएं रही प्रभावित

# सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ गरजे कर्मचारी संगठन, जमकर प्रदर्शन

- अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ एवं अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ एवं बैंक कर्मचारी फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आह्वान पर हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विरोध प्रदर्शन के बाद मांगों का ज्ञापन सौंपते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ एवं अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ एवं बैंक कर्मचारी फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आवाहन पर बुधवार को हड़ताल में बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों और श्रमिक विरोधी श्रम कानूनों के खिलाफ देशव्यापी आम हड़ताल को समर्थन दिया।

हरियाणा बैंक इंप्लाइज फेडरेशन के बैनर तले पंजाब नेशनल बैंक टिंबर मार्केट के सामने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन अध्यक्ष कामरेड अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस हड़ताल को हरियाणा बैंक इंप्लाइज फेडरेशन एवं आल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन के सह सचिव कामरेड एमपी सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने हड़ताल के विषय में विस्तार से जानकारी दी और बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़ी लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। हड़ताल में लगभग 200 कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। कामरेड सुशील शर्मा, बलजीत सिंह, जुझार सिंह, पंकज रोहिला व आरएन गहलोत ने भी संबोधित किया।

### सफाई कर्मियों ने भी की नारेबाजी

इसी तरह सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते बुधवार का नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। संघ के नेता सेवाराम बोहत के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों ने रैली निकाली और सरकारी की नीतियों का विरोध किया। कर्मचारी संघ के नेता सेवाराम बोहत ने बताया कि सरकार चार नए कानून लेकर आ रही है जो कर्मचारियों के हित में नहीं हैं। उन्होंने सरकार सी कच्चे कर्मचारियों के पक्का होने की मांग की, इसके अलावा अन्य लंबित मामलों पर सकारात्मक कार्यवाही करने को कहा ताकि कर्मचारियों को आ रही समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें उनका हक मिल सके। रोष प्रदर्शन के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### कई विभागों के कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

मांगों को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी सरकार के खिलाफ विरोध का बिगुल बजाया। राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए अपना रोष जताया। इस रोष समर्थन में आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए। सभी कर्मचारियों ने अपनी अपनी समस्याएं बताते हुए नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है मगर फिर भी वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

---

स्वामित्व योजना के तहत अब तक 438 आवेदनकर्ता बने दुकानों के मालिक

# नप को अब तक 33 करोड़ रुपये की आय, तह बाजारी, किराया और लीज के 58 % केस मंजूर

- नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने तह-बाजारी, लीज धारकों एवं किरायेदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक दिया जाना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** नगर परिषद । फोटो : हरिभूमि

स्वामित्व योजना के तहत नगर परिषद अंबाला सदर को अभी तक लगभग 33 करोड़ रुपये की आमदनी हो चुकी है। इस योजना का भरपूर लाभ अंबाला छावनी के लोग उठा रहे हैं। योजना के तहत नगर परिषद अंबाला सदर में 20 वर्ष से ज्यादा पुराने तह-बाजारी, किराए और लीज के आवेदनों में से 58 प्रतिशत केस नगर परिषद द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं। इसके तहत कुल 438 केसों में आवेदनकर्ताओं की रजिस्ट्रियां भी हो चुकी है जोकि दुकानों के मालिक बन गए हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि शेष लंबित मामलों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश नगर परिषद अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि लोग दुकानों के मालिक बन सकें।

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से ही अंबाला छावनी में स्वामित्व योजना को लागू किया गया था। इसके तहत नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने तह-बाजारी, लीज धारकों एवं किराएदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक दिया जाना था।

**किराए के 535 आवेदन स्वीकृत**

मंत्री अनिल विज ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा नगर परिषद की दुकानों के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद में कुल 734 किराएदारों ने मालिकाना हक लेने के लिए आवेदन किया था जिनमें से अब तक 535 किराए के केसों को स्वीकृत किया जा चुका है। 417 किराएदारों की दुकानों का रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं। यानि 417 किराएदार ऐसे है जो अब किराएदार से दुकानों के मालिक बन गए हैं। यह दुकानदार अब अपनी दुकानों को बहुमंजिला भी बना सकते हैं। विज ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत तह-बाजारी के 223 आवेदन नगर परिषद में प्राप्त हुए हैं। इनमें से 126 केस नगर परिषद द्वारा एप्रूव्ड किए जा चुके हैं। इनमें से 21 मामले पंजीकृत हो चुके हैं। शेष मामलों को भी पंजीकृत करने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। इसी प्रकार नगर परिषद में लीज के 190 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**श्रम मंत्री अनिल विज का प्रयास रंग लाए**



परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से ही पूर्व में स्वामित्व योजना में अंबाला छावनी को जोड़ा जा सका था। एक्साइज एरिया की वजह से पहले अंबाला छावनी में योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। नगर परिषद की रेलवे रोड, राय मार्केट, गांधी मार्केट, सब्जी मंडी, रामबाग रोड, बस स्टैंड के अलावा अन्य कई स्थानों पर किराए व तह बाजारी के तहत दुकानें है जिन्हें अब मालिकाना हक मिला है।

---



**अंबाला।** पौधारोपण अभियान की जानकारी देते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# गुदगुदी जंक्शन समूह का पौधरोपण अभियान 11 से

- प्रोजेक्ट इंचार्ज बने मंदीप, सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे फलदार और छायादार वृक्षों के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा पौधारोपण अभियान सप्ताह शुक्रवार 11 से 17 जुलाई तक चलेगा। मार्गदर्शक मंडल सदस्य (केंद्रीय कार्यकारिणी) डॉ.संजय गौतम ने बताया कि अभियान को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र धीमान के मॉडल टाउन स्थित प्रतिष्ठान पर समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें जुलाई माह में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि सामाजिक कार्यों की श्रृंखला में पिछले वर्ष की भांति वर्षा ऋतु के दौरान अंबाला शहर व आसपास क्षेत्रों में फलदार और छायादार वृक्षों का पौधारोपण अभियान प्रस्तावित है। इसके इंचार्ज मंदीप शर्मा बनाए गए हैं। शुक्रवार 11 से 17 जुलाई(एक सप्ताह) की अवधि के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे अंबाला शहर और आसपास क्षेत्र में 200 फलदार व छायादार वृक्षों के पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही कुछ स्थानों पर क्यारियां बनाकर फूलों के पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अंतर्गत तीन टीमें बनाई गई हैं। पहली टीम स्थानों का चयन करके पौधे लगाने के लिए गड्ढे बनाएगी। दूसरी टीम अगले दिन पौधे रोपित करेगी। तीसरी टीम लगाए गए पौधों की देखभाल करेगी। इस अभियान में पर्यावरण प्रेमियों को भी जोड़ा जाएगा। लोगों को तुलसी के पौधे गिफ्ट किए जाएंगे। शनिवार 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में लगाया जाएगा।

---

# सीएम ने दी नई सड़कों के निर्माण व पुरानी सड़कों के रिपेयर की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी बोले बदली जाएगी सड़कों की तस्वीर

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मार्केटिंग बोर्ड) द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से दर्जनों सडक़ों के नवीनीकरण और स्पेशल रिपेयर कार्यों को मंजूरी दी गई है। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और उनके दिशा-निर्देशों से संभव हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में सडक़ों की स्पेशल रिपेयर की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। उन्होंने विस्तार से बताया कि क्षेत्र की जिन सडक़ों का नवीनीकरण और स्पेशल रिपेयर किया जाएगा, उनमें - गांव बरखेड़ी से मिर्जापुर, बरौली से नई बरौली, खेडक़ी से पंजलासा होकर ब्राह्मण माजरा, रामगढ़ से मुन्ना माजरा, बतौरा से नई बरौली, रामपुर से मियांपुर, चताण से कक्कड़ माजरा, अंधेरी से लालपुर साढौरा रोड, बड़ागढ़ से कलाल माजरी, चांणसोली से भरेड़ी कलां, खानपुर से ककराली, कल्याण से जोली, बनौदी से मंदिर, पिलखनी से कपूरी, मुन्ना माजरा पिंजोरी से छोटी पिंजोरी, कुल्लडपुर से नबीपुर, बिचपड़ी से कक्कड़ माजरा ठरवा रोड, सलौला से पतरेहड़ी, शाहपुर से ठरवा, हडबौन से लखनौरा, शहजादपुर से बुर्ज शहीद, छोटी बस्सी से बड़ा गांव, मंगलाई से खुड्डा, कड़ासन से शेरपुर, नगवां से बनौदी मंदिर वाली सडक़, मुख्य मार्ग से खेल स्टेडियम बीचपड़ी मुख्य मार्ग से खेल स्टेडियम लाहा शामिल है।

### भाजपा के पूर्ण बहुमत के बावजूद वार्डों में बुझा रहेगा विकास का लट्टू : सरवारा



**अंबाला।** अंबाला छावनी की युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने नगर परिषद की कार्यशैली और सत्ता पक्ष के कथित विकास दावों पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि "सत्ता पक्ष कहता कुछ है, करता कुछ है। शहर में होता कुछ भी नहीं। उन्होंने नगर परिषद द्वारा 32 वार्डों के लिए प्रस्तावित 16 करोड़ रुपये की विकास राशि को राज्य मुख्यालय द्वारा खारिज किए जाने को 'जनता और जनप्रतिनिधियों से घिनौना मजाक' करार दिया। विकास के लट्टू पर कटाक्ष करते हुए चित्रा सरवारा ने सवाल उठाया कि पहले परिषद द्वारा हर वार्ड पार्षद से 50-50 लाख के काम देने को कहा गया। जब नपा सदस्यों ने दिए तो कहा गया की सरकार के पास आपके लिए फंड नहीं हैं। सालों से वार्ड संबंधित विकास के इंतजार में बैठी जनता और नए सदस्यों के साथ ये एक भद्दा मजाक है। रुके हुए प्रोजेक्ट्स में जहां भ्रष्टाचार साफ़ है वहां करोड़ों के नए टेंडर जारी होने की बात है लेकिन गली मोहल्ले के विकास के लिए नेताओं के पास पैसा नहीं या नियत नहीं? चित्रा ने कहा की कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने निकाय चुनाव में कहा था कि विकास का लट्टू हर वार्ड में जलाना है तो पार्टी के नुमाइंदे चुने जनता। पूर्ण बहुमत देने के बाद भी लगता है वार्डों का विकास का लट्टू बुझा ही रहेगा क्योंकि नगर परिषद के पास न तो जवाब है न ही बजट।

---

पुलिस डीएवी स्कूल में रोड सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# सड़क पर चलते समय यातायात नियमों की पालना करें छात्र : डॉ. विकास कोहली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** रोड सेफ्टी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में जिला ,विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने अपने वक्तव में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई सड़क दुघर्टनाओं को देखते हुए रोड़ सेफ्टी के अभियान को लागु करना तथा बच्चों को इसके प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों को बताया गया कि सड़क पर चलते हुए किन किन नियमों का पालन करना चाहिए। ड्राइविंग करते हुए कौनसी जरुरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर प्राधिकरण के प्रतिनिधि अरविंद जैन ने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने, माता-पिता का सम्मान करने, तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

---

### भाजपा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार, दो महिलाओं समेत छह नए उपाध्यक्ष बनाए गए

**अंबाला।** भाजपा जिला कार्यालय अंब कमल में हुई मीटिंग के दौरान पार्टी की जिला स्तरीय नई टीम की घोषणा की गई। नई टीम में अंबाला छावनी से राजीव गुप्ता डिंपल, नारायणगढ़ से संदीप सैनी, अंबाला शहर से गुरप्रीत कौर, बीनू गर्ग, मुलाना से सुरेंद्र राणा, सत्य प्रकाश चौधरी सहित 6 नए जिला उपाध्यक्ष की घोषणा की गई है। इसके अलावा नारायणगढ़ से विवेक गुप्ता व मुलाना से करमचंद सैनी को भाजपा जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया है। जिला सचिवों में अंबाला शहर से गुरजंट सिंह, नारायणगढ़ से प्रीतपाल कौर, कैंट से नरेश शर्मा, आरती सहगल, मुलाना से रमन वासन, सोनिया परोचा सहित 6 सचिवों की घोषणा की गई है। जिला कोषाध्यक्ष अंबाला शहर से रोहित गुप्ता को बनाया गया है। शहर से हरीश शर्मा को भाजपा जिला प्रवक्ता का दायित्व दिया गया है। जिला आईटी प्रमुख में अम्बाला कैंट से सचिन तंवर के नाम की घोषणा की गई है। अंबाला शहर से साहिल कक्कड़ को जिला मीडिया प्रमुख का दायित्व दिया गया है। भाजपा कार्यालय सचिव का पद दिनेश सूद को दिया गया है। सोशल मीडिया को भी प्रमुखता से देखते हुए अंबाला शहर से जसबीर सिंह सौंटी को जिला सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। मन की बात प्रमुख मुलाना से रवि राणा के नाम की घोषणा की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**आदेश** कॉलेज प्रबंधन की मांग पर मंत्री विज ने एसीएस को दिए निर्देश, दोनों कोर्स में छात्रों ने रिकॉर्ड संख्या में किए आवेदन

# राजकीय कॉलेज में पुराने की जगह नया ब्लॉक बनाने के निर्देश बीबीए और बीसीए की 100-100 सीटें बढ़ाने के भी आदेश

- ट्रांसफार्मर न हटाने पर बिजली निगम के एक्सईएन को फटकार लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए मंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी को अंबाला छावनी के राजकीय कॉलेज में पुराने ब्लॉक को गिराकर नया ब्लॉक बनाने के निर्देश दिए। विज अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कॉलेज में पुराना ब्लॉक गिराकर नया ब्लॉक बनाया जाए जिससे छात्रों व स्टाफ को सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि कालेज का पुराना ब्लॉक कई दशक पहले बना था जोकि समय के साथ अब जर्जर हो रहा है। राजकीय कॉलेज के प्रिंसिपल व स्टाफ ने मंत्री अनिल विज को राजकीय कालेज में बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) और बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की 100-100 सीटें और बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में बीसीए के लिए मात्र 100 सीटें हैं जबकि इसके लिए एक हजार से ज्यादा आवेदन विद्यार्थियों ने कॉलेज में किए हैं। इसी प्रकार बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) में 700 के लगभग आवेदन हैं जबकि सीटें मात्र 60 हैं। मंत्री अनिल विज ने मामले में तुरंत शिक्षा विभाग के एसीएस को बीसीए और बीबीए की 100-100 और सीटें बढ़ाने के दिशा-निर्देश दिए ताकि अधिक छात्रों को दाखिला मिल सके। विज से राजकीय स्कूल छबियाना मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के अलावा भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, वरिंद्र सिंह, सुरेंद्र सेठी व अन्य ने मुलाकात करते हुए छबियाना स्कूल को दोबारा से नए सिरे से बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि छबियाना राजकीय स्कूल कुछ वर्ष पहले बंद हो गया था जिस कारण यहां के बच्चों को बब्याल में शिफ्ट किया गया था जोकि दूर है। मंत्री अनिल विज ने इस मांग को अनुमोदित करते हुए यहां नया स्कूल का भवन बनाने की स्तुति शिक्षा विभाग से की। उन्होंने पारस नगर से आई सैन्य अधिकारी की मां ने उसके घर के आगे बिजली का ट्रांसफार्मर लगाने की शिकायत दी। उसका आरोप था कि क्षेत्र के कुछ लोगों ने जबरन ट्रांसफार्मर उसके घर के आगे लगवा दिया। ट्रांसफार्मर हटाने के लिए उसने बिजली निगम को इसका खर्चा भी जमा कराया मगर अभी तक इसे हटाया नहीं गया है। मंत्री अनिल विज ने इसपर कड़ा संज्ञान लिया और बिजली निगम के एक्सईएन को फटकार लगाते हुए तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार छावनी के फर्म मालिक ने 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत दी। उनका आरोप था कि आरोपियों ने उसकी फर्म से लगभग 17 लाख मूल्य का सामान खरीदा मगर इसकी पेमेंट नहीं की। मंत्री ने महेशनगर पुलिस को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।